शहीदी दिवस | जरनैल सिंह कोहारका व साजिंदे साथियों ने गुरुवाणी शबद से संगत को रसविभोर किया

# गुरु अर्जनदेव के शहीदी दिवस पर उमड़े श्रद्धालु



**नवभारत, जबलपुर।** गुरुद्वारा गुरुनानक दरबार गोरखपुर में गुरुवार को सिख धर्म के पांचवें गुरु और गुरुग्रंथ साहिब के सृजक गुरु अर्जन देव का शहीदी दिवस समारोह पूर्ण आस्था और श्रद्धाभक्ति से मनाया गया। इस दौरान दरबार साहिब अमृतसर स्वर्ण मंदिर पंजाब के हुजूरी रागी जत्था भाई जरनैल सिंह कोहारका व साजिंदे साथियों ने गुरुवाणी शबद 'तेरा कीया मीठा लागे हरिनाम पदारथ नानक मांगे' गाकर साध-संगत को रसविभोर किया।

विख्यात कथावाचक ज्ञानी मनदीप सिंह मुरीद ने कहा कि विश्व धरोहर बन चुके गुरु अर्जन देव ने हरिमंदिर साहिब का निर्माण कराया और गुरुग्रंथ साहिब का संकलन-संपादन कर सनातनी अवतारों, सिख गुरुओं व संतों की ईश्वरीय वाणी को सम्मानजनक स्थान दिया। उन्होंने बताया कि गुरु के प्रभाव से ईर्ष्या कर तत्कालीन मुगल बादशाह जहांगीर ने उन्हें ज्येष्ठ की तपती दोपहर में धधकते तवे पर बिठाकर सिर पर गर्म रेत डालने जैसी भयानक यातनाएं देकर शहीद किया था, वहीं रागी जत्था भाई बलजीत सिंह गोरखपुर व स्त्री सत्संग सभा सहित अनेक विद्वतजनों ने भी शबद कीर्तन पेश किया। गोरखपुर स्थित गुरुनानक दरबार में आयोजित कार्यक्रम में संगत ने गुरु साहिब के चरणों में नतमस्तक होकर विश्व शांति, सामाजिक सौहार्द और मानव कल्याण के लिए अरदास की। श्रद्धालुओं ने कहा कि आज के समय में गुरु अर्जन देव जी के उपदेश और उनके द्वारा दिखाया गया मार्ग समाज को एकता और भाईचारे की दिशा प्रदान करता है।

### श्रद्धालुओं ने टेका माथा छबील स्टाल लगाए

समारोह में जनप्रतिनिधिगण, महापौर जगत बहादुर सिंह, पूर्व राज्य मंत्री हरेंद्र जीत सिंह बब्बू, रत्नेश सोनकर, जयलक्ष्मी चक्रवर्ती, काके आनंद, कुंवरपाल सिंह शेरू व ऊषा सिंह सहित हजारों श्रद्धालुओं ने माथा टेक कर पंगत में गुरु का लंगर ग्रहण किया। इस दौरान प्रधान साहब रजिंदर सिंह छाबड़ा ने शॉल-सिरोपा से अतिथियों का सम्मान किया, मुख्य ग्रंथी ज्ञानी हरजीत सिंह खालसा ने अरदास की और मनप्रीत सिंह आहूजा ने मंच संचालित किया। गोरखपुर, मदनमहल, इकबाल भवन, जसूजा सिटी, रांझी, अधारताल व खमरिया सहित विभिन्न क्षेत्रों में छबील के स्टाल लगाकर श्रद्धांजलि दी गई। अंत में प्रधान साहब रजिंदर सिंह छाबड़ा, हरजीत सिंह सूदन, मनप्रीत सिंह आहूजा, सोनू सलूजा, करनैल सिंह छाबड़ा और प्रबंधक कमेटी ने आभार व्यक्त किया।

### इनका कहना है



गुरु अर्जन देव जी का बलिदान पूरी मानवता के लिए प्रेरणा है। उनके बताए सेवा, प्रेम और भाईचारे के मार्ग पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि है।

**सनवीर सिंह**




शहीदी दिवस हमें धैर्य और ईश्वर के प्रति अटूट विश्वास की सीख देता है। गुरु साहिब का संदेश आज भी समाज को एकता का मार्ग दिखाता है।

**मनजीत सिंह**

## जैन समाज द्वारा श्रुत पंचमी विधान का आयोजन

**नवभारत, जबलपुर।** पारसनाथ दिगंबर जैन स्वर्ण मंदिर लॉर्डगंज, जैन पंचायत सभा, जैन नवयुवक सभा, जैन संरक्षण सभा एवं अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद लॉर्डगंज शाखा के सहयोग से मुनि निर्दोष सागर महाराज, निष्कंप सागर महाराज, निष्काम सागर महाराज, गुरुमति माता, दृढ़मति माता, गुणमती माता के सानिध्य में आज 19 जून को जिनवाणी शोभा यात्रा कमानिया गेट से निकाली जाएगी, जिसके पश्चात मुनि राज एवं माता जी ससंग के प्रवचन विद्यासागर सभागार लाखा भवन में होंगे। इस भव्य धार्मिक आयोजन को लेकर चंदना संभाग अध्यक्ष संध्या जैन, शांत शाखा अध्यक्ष मीना बड़कुल, सचिव संजना जैन और कोषाध्यक्ष भानु प्रिया जैन ने समाज के सभी वर्गों से इस शोभा यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने तथा धर्म लाभ लेने का विशेष रूप से निवेदन किया है।

# मुहर्रम : सजावट, लंगर और ज़िक्र-ए-शहादतैन का सिलसिला जारी



**नवभारत, जबलपुर।** हज़रत इमाम हुसैन की याद में मनाए जाने वाले मुहर्रम के अवसर पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सजावट की तैयारियां तेज़ हो गई हैं। मुहर्रम के मौके पर इमामबाड़ों में अकीदतमंदों की तादाद लगातार बढ़ रही है और अकीदतमंद बड़ी संख्या में ज़ियारत के लिए पहुंच रहे हैं।

मुहर्रम के दौरान रोशनी और सजावट की परंपरा को कायम रखते हुए नालबंद मोहल्ला, चार खंभा, मोतीनाला, बहोराबाग, मदार टेकरी, अज़ीज़गंज, ठक्कर ग्राम, भानतलैया, फूटाताल, गलगला, गुरंदी, हनुमानताल, कोतवाली, ओमती घंटाघर, तैयब अली चौक, नया मोहल्ला, सदर बाज़ार तथा गढ़ा की मुस्लिम बस्तियों में आकर्षक सजावट की तैयारियां ज़ोरों पर हैं।

गढ़ा मुजावर मोहल्ला कादरी नगर स्थित डॉ. सैय्यद मकबूल अली कादरी के इमामबाड़े में रखी जाने वाली ऐतिहासिक सवारी इस वर्ष अपने 164वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। इस अवसर पर रात्रि 1 बजे विशेष जलसे का आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मरहूम सरदार अली कादरी (पत्रकार) द्वारा वर्ष 212 में सवारी के 15 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित किया गया जलसा अब एक परंपरा का रूप ले चुका है।

वहीं मौलाना की गली स्थित इमामबाड़े में अंजुमन खादिमान अहले बैत कमेटी के तत्वावधान में दस दिवसीय ज़िक्र-ए-शहादतैन का सिलसिला प्रतिदिन जारी है, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हो रहे हैं। मुहर्रम की पहली तारीख पर गढ़ा मुजावर मोहल्ला कादरी नगर में सूफ़ी मुबारक कादरी और वारिस कादरी के संयोजन में लंगर-ए-आम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी तादाद में लोगों ने शिरकत की।

### सदर में लंगर का एहतेमाम

सदर छावनी क्षेत्र में मुहर्रम के सिलसिले में सदर बाज़ार स्थित जामा मस्जिद में नूर-ए-इलाही कमेटी की जानिब से कुरानख़ानी एवं लंगर का एहतेमाम किया गया, जिसमें बड़ी तादाद में अकीदतमंदों ने शिरकत की। इसी क्रम में गत रात्रि बूचडी पुराना तकिया स्तिथ पहलवान बाबा साहब की दरगाह पर फ़ातिहा का आयोजन किया गया। फ़ातिहा के बाद अकीदतमंदों के बीच छबील और तबर्रुक तक़सीम किया गया। इस अवसर पर मुल्क की अमन, तरक़्क़ी और खुशहाली के लिए विशेष दुआएँ भी की गईं।

### एक नजर में



## परचम कुशाई के साथ बुजुर्गों का किया गया सम्मान

**नवभारत, जबलपुर।** इस्लामी नए साल के आगमन पर आशिक ए गरीब नवाज़ कमेटी के तत्वावधान में मकसूद अहमद अंसारी की सरपरास्ती मे बुधवार को पुरानापुल गोहलपुर पर नमाज़-ए-मग़रिब के बाद परचम कुशाई की रस्म अदा की गई। इस अवसर पर बारगाह-ए-इमाम आली मुकाम में सलातो-सलाम पेश किया गया तथा इस्लामी नए साल की विशेष दुआएं पढ़ी गईं। कार्यक्रम के दौरान देश में अमन, भाईचारे, तरक्की और खुशहाली के लिए विशेष दुआएं की गईं। आयोजन के अंत में सभी उपस्थित लोगों के लिए लंगर-ए-आम का प्रबंध किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की। कमेटी के द्वारा बुजुर्गों एवं समाजसेवीयों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मेहमाने खास हाजी बाबा मेराज अहमद जमाली, बाबा रहीम उल्ला शाह. बाबा ,ख़ादिम जमाली, धीरज़ पटेरिया, बाबा शाहिद मलंग, ज़मा खान, सोहेल फेज़ल खान ,अकबर खान ,सदर वालों का कमेटी के सदस्य शानवाज़ हाशमी, फहीम हाशमी एवं कमेटी के सदस्यों ने इस्तिक़बाल किया।



## फ्लाइंग पैंथर रोड रेस स्केटिंग चैंपियनशिप आयोजित

**नवभारत, जबलपुर।** फास्टर स्केटिंग एसोसिएशन द्वारा 'फ्लाइंग पैंथर रोड रेस स्केटिंग चैंपियनशिप' का आयोजन संस्कार निकेतन स्कूल, संजीवनी नगर, गढ़ा रोड में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन ने कहा कि सामान्य बच्चों के साथ स्पेशल विद्यार्थियों ने भी इस प्रतियोगिता में भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया। तिरंगा यात्रा स्केटिंग प्रतियोगिता को देखकर सभी अभिभावकों को ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो 'उड़ता हुआ पैंथर' हो। इस प्रतियोगिता के दौरान विशिष्ट अतिथि मधु भिंगार, प्राचार्य वाय. के. दुबे, रघु रनर, यूनुस टाइगर, मानव त्रिपाठी, एसोसिएशन अध्यक्ष रामकिशोर सोनी, प्रशिक्षक नरेन्द्र सोनकर, योगगुरु अंकित चक्रवर्ती, सह-सचिव लक्ष्मी डोगा, सत्यम, रितेश कुमार कदम और रितु रजक सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। विजेता विद्यार्थियों में सिनासी सिंह, मिशिका कुमावत, अधिराज सिंह, अर्णव कुशवाहा, प्रिंस कुमार, समीक्षा गोलघा, हर्षवर्धन रेड्डी तथा स्पेशल विद्यार्थी अभिमुक्त तिवारी, उत्कर्ष जैन, अनुराग वशिष्ठ, सिद्धांत, राहुल, रियांश गौंड, प्रियांश मौर्य, तनिष्क केशरवानी और विवेक बर्मन शामिल रहे।

## पाथेय संगीत संस्था का फिल्मी गीत समारोह आज

**नवभारत, जबलपुर।** पाथेय संगीत संस्था के तत्वावधान में सदाबहार नगमों की एक सुनहरी शाम 'पाथेय संगीत' का आयोजन आज 19 जून को शाम 7 बजे से शहीद स्मारक प्रेक्षागृह में आयोजित है, जहाँ समारोह के संयोजक डॉ. कृष्ण कुमार दुबे ने बताया कि समारोह में नए एवं पुराने सदाबहार गीतों को प्रस्तुत किया जाएगा। इस आयोजन में मार्गदर्शन राजेश पाठक प्रवीण का है तथा प्रतिष्ठित उद्घोषिका डॉ. मंजू गोरे कार्यक्रम का मंच संचालन करेंगी। इस भव्य समारोह के संगीत संयोजक अनिकेत मनोज देवक है। आयोजन में गायक कलाकार पल्लवी फाटक, मयंक विश्वकर्मा, दीप्ति रॉय, किरण कोपरिहा, मीनाक्षी शर्मा, अवनि विश्वकर्मा, नेहा खरे, अंजन दासगुप्ता, अतुल तिवारी, शिवकुमार गिरी, डॉ. अनिल बाजपेई एवं डॉ. कृष्णकुमार दुबे अपनी सुरीली प्रस्तुतियों से फिल्मी गीतों की रस वर्षा करेंगे।

## डॉ. स्मृति साहू अमेरिका में बनीं अवॉर्ड जज



**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर शहर की बेटी डॉ. स्मृति साहू को अमेरिका के एरिज़ोना स्टेट की राजधानी फीनिक्स में आयोजित इंटरनेशनल साइंस और इंजीनियरिंग फेयर में ग्रैंड अवार्ड जज नियुक्त किया गया है। डॉ. स्मृति साहू जबलपुरवासी देश-विदेश के जाने-माने साहित्यकार और व्यंग्यकार राकेश सोहम् की बेटी हैं, जिन्होंने अपनी इन उपलब्धियों का पूरा श्रेय अपनी माँ सुनीति और पिता राकेश सोहम् को दिया है। डॉ. स्मृति साहू ने जबलपुर के ज्ञान गंगा इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटेक करने के बाद आईआईटी इंदौर से एमटेक और डॉक्ट्रेट की डिग्री हासिल की थी और वे वर्तमान में अमेरिका की एरिज़ोना स्टेट यूनिवर्सिटी में मटेरियल साइंस की प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं।

## विश्व योगासन की स्वर्ण पदक विजेता रिया लोधी को किया सम्मानित



**नवभारत, जबलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सिलसिले जनसामान्य को जागरूक करने के लिए प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के कटंगा कॉलोनी स्थित शिव वरदान भवन में कार्यक्रम हुआ। इसमें अहमदाबाद में आयोजित प्रथम विश्व योगासन खेल चैंपियनशिप-2026 की सुपाइन व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर जबलपुर व पूरे मध्यप्रदेश का नाम गौरवान्वित करने वाली योग खिलाड़ी रिया लोधी का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि मप्र योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के राज्य सचिव दिनेश सिंह ठाकुर ने कहा कि योग स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने की वैज्ञानिक पद्धति है। उन्होंने सभी से दिन में न्यूनतम 45 मिनट योगाभ्यास व शारीरिक गतिविधियां करने का आग्रह किया ताकि शरीर का लचीलापन व कार्यक्षमता बनी रहे।

### स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का वास

इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी विमला दीदी ने कहा कि स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। यदि व्यक्ति मानसिक रूप से प्रसन्न, एकाग्र और ऊर्जावान रहना चाहता है तो उसे अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग पद्धति को अवश्य अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ध्यान और आध्यात्मिक साधना में भी स्वस्थ शरीर महत्वपूर्ण सहयोग देता है, इसलिए योग एवं राजयोग का नियमित अभ्यास जीवन को संतुलित, सुखी और सफल बनाता है। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्माकुमारी विनीता दीदी ने किया। अंत में रिया लोधी को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

# भक्ति का उद्देश्य मुक्ति हो भुक्ति नहीं : मुनि निर्लोभ सागर



**नवभारत, जबलपुर।** शिवनगर कॉलोनी में आयोजित सिद्ध चक्र महामंडल विधान के प्रथम दिवस पर मुनि निर्लोभ सागर ने विशाल धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह भव समुद्र अपार है और तीनों लोकों में जीव भरे हुए हैं जिन्हें अपने कल्याण की सुध ही नहीं है। उन्होंने कहा कि मानव पर्याय ऐसी अनमोल निधि है जिसमें कल्याण करने के निमित्त वह जीव सौभाग्यशाली होता है जिसे देव शास्त्र और गुरु की भक्ति करने का अधिकार मिला है। नौका पार करने के लिए दृढ़ विश्वास और अद्भुत शक्ति की जरूरत होती है तथा भक्ति का उद्देश्य मुक्ति होना चाहिए भुक्ति नहीं। उक्ताशय के विचार आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य और परम्पराचार्य विद्या कुल गौरव आचार्य समय सागर महाराज के पथानुगामी शिष्य अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी संत मुनि निर्दोष सागर के सानिध्य में व्यक्त किए गए।

### महामंडल विधान का शुभारंभ

कार्यक्रम का शुभारंभ पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर शिवनगर से विशाल घटयात्रा के साथ हुआ जिसमें सैकड़ों महिलाएं सिर पर सुसज्जित कलश लेकर प्रगतिशील महिला मंडल दिव्य घोष के साथ चल रही थीं, वहीं पाठशाला के बच्चे झांझर व ढोल बजाकर पार्श्व युवा मंच के साथ चल रहे थे। प्रतिष्ठाचार्य पं. अमित शास्त्री और पं. सौरभ शास्त्री ने मुनित्रय के सानिध्य में पुन्यार्जक परिवार नितिन जैन शक्कर (तारादेही परिवार) द्वारा ध्वजारोहण करवाया, जिसके उपरांत अभिषेक शांतिधारा का सौभाग्य राजेश जैन आकुल परिवार और सिद्धार्थ जैन नंदन परिवार को प्राप्त हुआ। सौधर्म इन्द्र पारस जैन सराफ परिवार ने भी जिनेन्द्र देव का महा मस्तकाभिषेक किया और त्रय मुनिराज के सानिध्य में आयोजित इस महामंडल विधान में उत्साहित होकर सकल समाज धर्म लाभ ले रही है।

## नवभारत को रोटरी क्लब ने किया सम्मानित




**नवभारत, जबलपुर।** रोटरी इंटरनेशनल 3261 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अमित जायसवाल छत्तीसगढ़ और अध्यक्ष जिला मीडिया नितिन जैन के द्वारा नवभारत अखबार को सम्मानित किया गया है। गुरूवार को रोटरी के प्रमुख द्वारा नवभारत के कार्यालय में आकर ये पुरूस्कार नवभारत को दिया गया , जिस दौरान नवभारत के अतिरिक्त महाप्रबंधक निर्मल सिंह परिहार ने यह पुरूस्कार ग्रहण किया। विदित हो कि पत्रकारिता के क्षेत्र में रोटरी के जनसेवा के कार्यों को लगातार अपनी कलम के माध्यम से अखबार में प्रकाशित करने पर ये सम्मान नवभारत को दिया गया है।



## रांझी मस्ताना चौक पर शहीदी दिवस कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत, जबलपुर।** सिख धर्म के पांचवे गुरु के शहीदी दिवस के सिलसिले में रांझी मस्ताना चौक में 18 जून को एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें आम जनता और राहगीरों को ठंडा-मीठा शरबत व प्रसाद वितरण किया गया। इस धार्मिक और सेवा कार्य वाले कार्यक्रम में मारवाह परिवार, सूरी परिवार और सरना परिवार का योगदान बेहद सराहनीय रहा। कार्यक्रम के सफल संपादन में मुख्य रूप से आयोजक प्रधान सतपाल सिंह संधू, सचिव जगजीत सिंह दुआं, सुमित सरना बब्बू, बलवीर सिंह और बब्बू सरना शामिल रहे और सभी ने मिलकर अपनी सेवाएं प्रदान की।

### 71 हजार आवेदनों का निराकरण

**जबलपुर।** राज्य एवं केंद्र शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने तथा आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने जिले की सभी सात जनपद पंचायतों एवं नगर निगम जबलपुर सहित सभी नगरीय निकायों में आयोजित किये गये तीन दिनों के जनकल्याण शिविरों में आम नागरिकों से प्राप्त हुए 71 हजार 212 आवेदनों का निराकरण किया गया है। महाराणा प्रताप जयंती के 17 जून के अवकाश को छोड़कर 15 जून से 18 जून तक आयोजित किये गये इन जनकल्याण शिविरों में नागरिकों से 76 हजार 204 आवेदन प्राप्त हुए थे।

## एमपी एण्ड सीजी अमरकंटक टैंक शिविर आयोजित




**नवभारत, जबलपुर।** एन सी सी ग्रुप मुख्यालय जबलपुर के निर्देशन में एम पी एण्ड सी जी अमरकंटक टैक शिविर 17 जून से 24 जून तक कैम्प कमांडेण्ट कर्नल दिनेश जायसवाल के मार्गदशन में आयोजित किया जा रहा है। मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ निर्देशालय से जबलपुर, भोपाल, इन्दौर, ग्वालियर, सागर एवं रायपुर ग्रुप मुख्यालयों से 51 कैडेटस् एवं 15 एएनओ भाग ले रहे है, शिविर में पहले दिन कैम्प कमांडेण्ट के द्वारा ओपनिग एडेस का आयोजन किया गया जिसमें कैम्प कमांडेण्ट ने कैडेटो को टेकिग शिविर के बारे में संबोधित कर आगामी दिवस में आयोजित होने वाले कार्यकम के बारे में जानकारी दी एवं कैडेटो को मुख्यता टेकिंग के दौरान कौन कौन सी बातो का ध्यान रखना है जिसे कैडेटो को कोई नुकसान एवं परेशानी न हो शिविर में आये कैडेटो को पांच समूह में बाटा गया है जिससे एक दिन में सभी रूटो में कैडेटस् ट्रेकिंग कर सके कैम्प कमांडेण्ट के द्वारा फलेग आफॅ कर ट्रेकिग का शुभआंरभ किये कैडटस् कैम्प एरिया से माई की बगीया, शम्भू धारा, कबीर चबूतरा, नर्मदा उदगम स्थल एवं जैन मंदिर तक ट्रेकिंग के लिये रबाना हुये इन सभी कार्यकलापो में उपस्थित डिप्टी कैम्प कमांडेण्ट मेजर कलकलता चौरे, सुबेदार मेजर मेघ सिंह, सुबेदार मेजर अमृतपाल सिंह एन सी सी अधिकारियों, पी आई स्टाफ एवं सिविल स्टाफ का सम्पूर्ण योगदान मिल रहा है।

राष्ट्रीय पठन दिवस | ज्ञान संवर्धन का यह पावन दिवस वैचारिक चेतना जागृत करता है

# किताबों की ओर लौटने का संदेश देता पठन दिवस



**नवभारत , जबलपुर।** हर वर्ष 19 जून को यानि आज देशभर में राष्ट्रीय पठन दिवस मनाया जाएगा। यह दिन पुस्तकालय आंदोलन के जनक पी. एन. पनिक्कर की स्मृति को समर्पित है। इस दिन का उद्देश्य बच्चों, युवाओं और आम नागरिकों को पुस्तकों के प्रति आकर्षित करना तथा समाज में पढ़ने की संस्कृति को मजबूत बनाना है। एक समय था जब पुस्तकालयों में विद्यार्थियों की भीड़ और हाथों में किताबें आम दृश्य हुआ करती थीं। आज वही जगह मोबाइल स्क्रीन और सोशल मीडिया ने ले ली है। जानकारी का दायरा भले ही बढ़ा हो, लेकिन गहराई से पढ़ने की आदत लगातार कम होती दिखाई दे रही है।

### बदलती जीवनशैली में कम होता पुस्तक प्रेम

मोबाइल फोन, सोशल मीडिया और छोटे वीडियो कंटेंट के बढ़ते प्रभाव ने लोगों के पढ़ने के समय को काफी हद तक प्रभावित किया है। पुस्तकालयों में पहले जैसी भीड़ कम दिखाई देती है, जबकि विशेषज्ञों का मानना है कि नियमित अध्ययन मानसिक विकास, एकाग्रता और रचनात्मक सोच के लिए बेहद आवश्यक है।

### शिक्षा के साथ व्यक्तित्व निर्माण का माध्यम

किताबें केवल परीक्षा पास करने का साधन नहीं हैं, बल्कि वे व्यक्ति को विचारशील, संवेदनशील और जागरूक नागरिक बनाती हैं। साहित्य, इतिहास, विज्ञान और जीवनी जैसी पुस्तकें जीवन के विभिन्न पहलुओं को समझने में मदद करती हैं और निर्णय लेने की क्षमता को भी मजबूत बनाती हैं। पहले की पीढ़ी के अनुसार नियमित अध्ययन केवल शैक्षणिक सफलता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के व्यक्तित्व, भाषा कौशल, कल्पनाशक्ति और सामाजिक समझ को भी विकसित करता है। साहित्य, विज्ञान, इतिहास और जीवनी जैसी पुस्तकें समाज और जीवन को व्यापक दृष्टिकोण से समझने का अवसर प्रदान करती हैं।

### इनका कहना है



मेरे लिए पढ़ना केवल पढ़ाई का हिस्सा नहीं, बल्कि खुद को बेहतर बनाने का माध्यम है। जब हम किताबें पढ़ते हैं तो नई सोच, नए विचार और नए अनुभवों से परिचित होते हैं।

**सौम्या यादव , स्टूडेंट**



राष्ट्रीय पठन दिवस हमें अपनी दिनचर्या में पढ़ने के लिए समय निकालने की प्रेरणा देता है। मेरा मानना है कि अच्छी किताबें जीवन की सबसे बड़ी पूंजी होती हैं।

**प्रीति पटेल , स्टूडेंट**



## रक्तदाताओं का किया गया सम्मान

**नवभारत, जबलपुर।** शतकवीर रक्तदाताओं, रक्तवीरांगनाओं और रक्तवीरों का मानस भवन में भव्य भावमय सम्मान किया गया। यह कार्यक्रम महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के मुख्य आतिथ्य तथा मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण समिति के उप महाप्रबंधक मंजीत सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। आयोजक धर्मार्थ संस्था इंश्योर हेल्थ फाउंडेशन और बंसल ब्लड सेंटर थे। सौ से अधिक रक्तदान करने वाले सरबजीत सिंह नारंग, किशोर थारवानी, विकास खंडेलवाल, शैलेश जैन, जतिन गिरधर , हरदीप सिंह जगदेव, निखिल कनोजिया, देव पटेल और राजेश बचवानी का विशेष सम्मान किया गया। श्रेया खंडेलवाल ने रक्तदान, थैलेसीमिया तथा सिकल सेल पर विस्तृत विवेचना प्रस्तुत की। इसमें स्वैच्छिक रक्तदान की आवश्यकता एवं विवाह के पूर्व एचबीए 2 जांच की अनिवार्यता पर ज़ोर दिया।150 से अधिक महिला व पुरुष रक्तदाताओं को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नवीन कोठारी, डॉ हरजीत कौर, डॉ अमरदीप सिंह बंसल, डॉ अमिता जैन, डॉ सिंघई, तरसेम कौर, सुनीता बंसल, गुणिता कौर, रतनदीप सिंह बंसल, अनिरुद्ध चौबे, सुनीता पारियानी, शैलेन्द्र कुशवाहा, राहुल तिवारी, नीलेश गुप्ता, महेंद्र जैन आदि मौजूद थे।